**Media Coverage of Inauguration of Acharya Raghuveer Central Library and Biometric based RFID Library System**

# 24 घंटे चलेगी केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्मार्ट लाइब्रेरी

## कुलपति एसपी बंसल ने बायोमेट्रिक के माध्यम से ई-बुक्स का उद्घाटन भी किया

**फोकस हिमाचल, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के परिसर एक में कुलपति एसपी बंसल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस बीच हवन यज्ञ व दीप प्रज्जवलित कर बायोमेट्रिक के माध्यम से ई-बुक्स का उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय के छात्रों को ऑफलाइन बुक्स के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति एसपी बंसल ने कहा की केंद्रीय विश्वविद्यालय की यह लाइब्रेरी



स्मार्ट लाइब्रेरी है। जिसमें बायोमेट्रिक बेस्ड सिस्टम की सुविधा भी दी गई है। यह लाइब्रेरी छात्रों की आवश्यकता व डिमांड के अनुसार शनिवार और रविवार को भी खुली रहेगी। अब इसमें विद्यार्थियों को 24 घंटे सातों दिन की सुविधा मिलेगी। लाइब्रेरी में छात्रों को सुविधा देने के लिए अढ़ाई लाख ई-बुक्स व 375 प्रिंट बुक रखी गई है। लाइब्रेरी में लगभग 100 छात्रों के बैठने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि अब छात्र इस स्मार्ट लाईब्रेरी का पूरा सदुपयोग कर पाएंगे।



*धर्मशाला : धौलाधार परिसर-1 में आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन करते कुलपति। (ब्यूरो)*

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में हर माह होगा यज्ञ : कुलपति

धर्मशाला, 20 जून (ब्यूरो): केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द ही यज्ञशाला का निर्माण किया जाएगा जहां हर माह एक विभाग द्वारा यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

इस यज्ञ का प्रबंध विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने धौलाधार परिसर-1 में आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित हवन के दौरान कहा कि इस पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से नवीनीकृत किया गया है। पुस्तकालय में आर.एफ.आई.डी. सिस्टम की भी लांचिंग की गई। पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विक्रम सिंह ने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय पहल की तरफ से विश्वविद्यालय ने अभी हाल में ही मोबाइल एप लांच किया था। इसके अलावा सिंगल विंडो सर्च टूल है।

# केंद्रीय विवि में होगा यज्ञशाला का निर्माण




**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द ही एक यज्ञशाला का निर्माण किया जाएगा। जहां पर हर माह एक विभाग यज्ञ का आयोजन करवाएगा और इस यज्ञ का प्रबंध विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग करेगा। यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मंगलवार को धौलाधार परिसर-एक में आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित हवन के दौरान कही। इससे पहले कुलपति ने आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया और इस अवसर पर आयोजित हवन में बतौर यजमान भाग लिया। गौलतरब है कि इस पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से नवीनिकृत किया गया है। पुस्तकालय में मंगलवार को आरएफआईडी सिस्टम की भी लॉचिंग की गई, जिसमें पुनर्निर्मित स्थान, अलमारियां, इंटरेक्टिव प्लेटफॉर्म हैं। इस मौके पर पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. विक्रम सिंह ने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय पहल की तरफ से विश्वविद्यालय ने अभी हाल में ही मोबाइल एप लॉन्च किया था।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द होगा यज्ञशाला का निर्माण: प्रो. बंसल

## कुलपति ने किया रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन



सीयू के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन करते हुए।

**वरिष्ठ संवाददाता ■ धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द ही एक यज्ञशाला का निर्माण किया जाएगा जहां पर हर माह एक विभाग यज्ञ का आयोजन करवाएगा और इस यज्ञ का प्रबंध विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग करेगा।

यह बात विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मंगलवार को धौलाधार परिसर-एक में आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित हवन के दौरान कही। इससे पहले वीसी ने आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। गौरतलब है कि इस पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से नवीनिकृत किया गया है। पुस्तकालय में आज आरएफआईडी सिस्टम की भी लॉचिंग की गई। जिसमें पुनर्निर्मित स्थान, अलमारियां, इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म हैं। इस मौके पर पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विम सिंह ने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय पहल की तरफ से विश्वविद्यालय ने अभी हाल में ही मोबाइल एप लॉच किया था।

**■ कहा- स्मार्ट लाइब्रेरी से विद्यार्थी बायोमीट्रिक के जरिये करवा सकेंगे किताबें जारी**

इसके अलावा 'सिंगल विंडो सर्च' टूल है। विश्वविद्यालय के सभी परिसरों के पुस्तकालय अब आरएफआईडी सक्षम हैं। अब स्मार्ट पुस्तकालय में कोई भी विद्यार्थी बायोमीट्रिक के जरिये बुक इश्यू करवा सकता है। हमारे साथ इनफ्लिबनेट में पहले से ही एक समझौता ज्ञापन था, जिसे हमने और मजबूत किया है। यह एक बहुत अच्छा प्रयास है।

# सीयू के छात्रों को अब 24 घंटे लाइब्रेरी सुविधा

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति एसपी बंसल ने किया लाइब्रेरी का लोकार्पण



सिटी रिपोर्टर-धर्मशाला

प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के परिसर एक में कुलपति एसपी वंसल ने लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस बीच कार्यक्रम में हवन यज्ञ व दीप प्रज्वलित कर बायोमैट्रिक के माध्यम से ई-बुक्स का उद्घाटन भी किया।

इस लाइब्रेरी में अब विश्वविद्यालय के छात्रों को ऑफलाइन बुक्स के साथ-साथ ई-बुक्स के माध्यम से ऑनलाइन सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति एसपी वंसल ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की यह लाइब्रेरी स्मार्ट लाइब्रेरी है, जिसमें बायोमैट्रिक बेस्ड सिस्टम लगाया गया है, जिससे बायोमैट्रिक के माध्यम से विद्यार्थी पुस्तक निर्गम करवाने के साथ कई सोफ्टवेयर भी यहां रखे गए है। यह लाइब्रेरी छात्रों की आवश्यकता व डिमांड के अनुसार शनिवार और रविवार को भी खुली रहेगी। अब इसमें विद्यार्थियों को 24 घंटे सातों दिन की सुविधा मिलेगी। लाइब्रेरी में छात्रों को सुविधा देने के लिए अढ़ाई लाख ई-बुक्स व कई प्रिंट बुक रखी गई हैं। लाइब्रेरी में लगभग 100 छात्रों के बैठने की क्षमता है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य को देखते हुए निर्णय लिया है कि विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में ही विद्यार्थियों के नेट, जेआरएफ व कोचिंग की की किताबें उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे कि छात्र अगर यूपीएससी पास करना चाहता है तो उसकी सुविधा लाइब्रेरी से ही मिल सके।



धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर में पुस्तकालय का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. एसपी बंसल। -संवाद

## केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द होगा यज्ञशाला का निर्माण : बंसल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में जल्द ही एक यज्ञशाला का निर्माण किया जाएगा। जहां पर हर माह एक विभाग यज्ञ का आयोजन करवाएगा और इसका प्रबंध विश्वविद्यालय का संस्कृत विभाग करेगा।

यह बात विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने मंगलवार को धौलाधार परिसर-एक में आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर आयोजित हवन के दौरान कही। इससे पहले कुलपति जी ने आचार्य रघुवीर केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया। गोर हो कि इस पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं और तकनीक से नवीनीकृत किया गया है। पुस्तकालय में मंगलवार को आरएफआईडी सिस्टम की भी लांचिंग की गई। इसमें पुनर्निर्मित स्थान, अलमारियां, इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म हैं। इस मौके पर पुस्तकालय अध्यक्ष डा. विक्रम सिंह ने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय पहल की तरफ से विश्वविद्यालय ने अभी हाल में ही मोबाइल एप लांच किया था। संवाद